**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 24 / 02 / 2023

**प्रकाशनार्थ**

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सप्ताह का शुभारम्भ माननीय कुलपति प्रो० राजेश सिंह के सुभ करकमलो द्वारा हुआ । सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा भारत में वैज्ञानिक सोच वाले नागरिकों के लिए अधिक अवसरों को प्रेरित करने और विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने का आह्वाहन किया. उन्होंने विश्वविद्‌यालय को नैक मूल्यांकन में ए. मिलने पर गौरवान्वित हुए तथा सभी को बधाइयाँ दी साथ ही उन्होंने इस बात पर भी बल दिया की विश्वविद्‌यालय को मिले इस प्रतिष्ठित उपलब्धि को किस तरह से लम्बे समय तक शीर्ष पर बनाये रखना है. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो० सुग्रीव नाथ तिवारी, पूर्व विभागाद्ध्यक्ष एंव संकायाद्ध्यक्ष दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने विज्ञान दिवस के बारे में संक्षिप्त चर्चा की और बताया कि महान भारतीय भौतिक विज्ञानी चंद्रशेखर वेंकट रमन ने स्पेक्ट्रोस्कोपी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण खोज की, जिसे श्रमन प्रभावश कहा जाता है और यह दिन श्रमन प्रभावश की खोज को समर्पित है. कार्यक्रम के मुख्या अतिथि प्रो० यशवंत सिंह, बनारस हिन्दू विश्वविद्‌यालय ने चंद्रशेखर वेंकट रमन जी के जीवन के बारे में विस्तार में चार्चा की और बताया कि किस प्रकार से सी० वि० रमन ज़ी ने बहुत कठिनाई से स्पेक्टोस्कोपी के इस जटिल घटना को रिकॉर्ड किया साथ ही साथ किस प्रकार उन्हें इस विलक्षण खोज के लिए भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ.

उद्घाटन कार्यक्रम के संयोजक एवं विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर रवि शंकर सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन एवं वक्ताओं का परिचय विभाग के सहायक आचार्य डॉ० सिन्टू कुमार द्वारा किया गया कार्यक्रम के समापन में वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर शान्तनु रस्तोगी द्वारा दिया गया।

**Mahendra Kumar Singh**
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur